# चीनी उत्पादन 6 प्रतिशत बढ़ा

देश का चीनी उत्पादन 2021-22 के विपणन वर्ष में 15 फरवरी तक छह प्रतिशत बढ़कर 220.91 लाख टन पर पहुंच गया है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने यह जानकारी दी। इससे पिछले साल की समान अवधि में चीनी उत्पादन 209.11 लाख टन रहा था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक होता है। इस्मा ने कहा कि चीनी निर्यात जनवरी तक तीन गुना होकर 31.5 लाख टन पर पहुंच गया। संगठन ने गुरुवार को कहा कि इस अवधि में महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन बढ़कर 86.15 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 75.46 लाख टन था। वहीं उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन 65.13 लाख टन से घटकर 59.32 लाख टन रह गया। कर्नाटक में उत्पादन बढ़कर 44.85 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 39.07 लाख टन था। *भाषा*